# महाशिवरात्रि के शुभ मुहूर्त में फिल्म सिटी में दिया जाएगा कब्जा

## मार्च में पीएम और सीएम के हाथों प्रदेश की पहली फिल्म सिटी की आधारशिला रखवाने की तैयारी में जुटा यमुना प्राधिकरण

माई सिटी रिपोर्टर

ग्रेटर नोएडा। प्रदेश के पहले अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी की जमीन का कब्जा बृहस्पतिवार को महाशिवरात्रि के शुभ मुहूर्त पर दिया जाएगा। प्राधिकरण के अधिकारी फिल्म सिटी का निर्माण करने वाली कंपनी के प्रबंधन के साथ ही फिल्म निर्माता बोनी कपूर की मौजूदगी में जमीन हस्तानांरतण की प्रक्रिया करेंगे। पहले चरण की 230 एड़क जमीन की औपचारिकता पूरी करने के बाद मार्च में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों इस महत्वाकांक्षी परियोजना की आधारशिला रखवाने की भी तैयारी है।

सेक्टर-21 में विकसित होने वाली अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी के ले आउट मास्टर प्लान (भू-उपयोग) को मंजूरी दे दी है। अंतरराष्ट्रीय सिटी को एक हजार एकड़ में विकसित किया जाना है। पहला चरण 230 एकड़ और दूसरा 670 एकड़ में विकसित होगा। बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट एवं भूटानी ग्रुप मिलकर फिल्म सिटी का निर्माण करेगी। 155 एकड़ में औद्योगिक और 75 एकड़ में व्यावसायिक गतिविधियां विकसित की जाएगी। 230 एकड़ भूमि को लेकर कंसेशन एग्रीमेंट जुलाई में किया जा चुका है, अब 27 फरवरी को बोनी कपूर परिवार के साथ जेवर पहुंचकर जमीन का कब्जा लेंगे। मार्च में ही फिल्म सिटी की नींव रखे जाने की तैयारियां चल रही हैं। फिलहाल, ले आउट पास होने के बाद फिल्म सिटी में विकसित होने वाली सुविधाओं के नक्शों को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। नक्शा स्वीकृति की प्रक्रिया के बाद यहां निर्माण शुरू किया जाएगा। फिल्म सिटी के पहले चरण के लिए 230 एकड़ जमीन का अधिग्रहण काफी पहले ही यमुना प्राधिकरण ने कर लिया था।

### चार कैंपस में रहेगी औद्योगिक गतिविधियां

अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी में औद्योगिक गतिविधियों को चार अलग कैंपस (जोन) बनाकर विकसित किया जाएगा। इनमें विभिन्न प्रकार की इमारतें, ग्रीन बेल्ट और आंतरिक सड़कों का निर्माण होगा। फिल्म बनाने में प्रयोग होने वाली अधिकांश गतिविधियां यहीं पर विकसित की जाएगी। इनमें स्टूडियो, अयोध्या का राम मंदिर, उत्तराखंड के चार धाम एवं देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों के साथ प्रमुख लोकेशन के स्टूडियो होंगे। विदेशी लोकेशन के प्राइम सेट बनेंगे। फिल्म सिटी में लंदन, कनाडा, स्विट्जरलैंड जैसी प्रमुख लोकेशन के स्टूडियो भी विकसित होंगे। यह सभी स्टूडियो डिजिटल और सौर ऊर्जा पर आधारित होंगे।

> सेक्टर-21 में विकसित होने वाली अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी के ले आउट मास्टर प्लान (भू-उपयोग) को मंजूरी दे दी है। अंतरराष्ट्रीय सिटी को एक हजार एकड़ में विकसित किया जाना है।
>
> -डॉ. अरुणवीर सिंह, सीईओ, यमुना प्राधिकरण

### तीन जोन में होगी व्यावसायिक गतिविधियां

फिल्म सिटी में व्यावसायिक गतिविधियों का विकास तीन जोन में होगा। इनमें अभिनेताओं के ठहरने के लिए होटल, विश्वविद्यालय, प्रशिक्षण केंद्र, थीम पार्क, शॉपिंग सेंटर, डिज्नीलैंड के अलावा पांच से सात सितारा होटल बनाए जाएंगे। यहां पर बनने वाला एम्यूजमेंट पार्क लोगों को आकर्षित करेगा। खास बात यह होगी कि आकर्षण का केंद्र बनने वाली व्यावसायिक गतिविधियां यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे पर रहेगी, जिसका नजारा एक्सप्रेसवे पर सफर करने वाले यात्री भी ले सकेंगे।